प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा में लगभग 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित, विधेयक के पक्ष में 288 और विरोध में पड़े 232 वोट, राज्यसभा में आज पेश होगा विधेयक।
2. नीति आयोग के वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक –2025 में झारखंड को चौथा स्थान, राज्यों के जीडीपी, जनसंख्या, सार्वजनिक व्यय और वित्तीय स्थिरता का रिपोर्ट में है आकलन।
3. राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में आज से नये शैक्षणिक सत्र की हुई शुरूआत, मॉर्निंग शिफ्ट में सवेरे 7 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चलेगी कक्षाएं।
4. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर जारी किया अलर्ट।
5. जमशेदपुर ने बोकारो को हराकर एचपी बोधनवाला अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का जीता खिताब।

********************

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। लोकसभा में विधेयक के पक्ष में 288 सदस्यों ने मतदान किया जबकि 232 सदस्यों ने विधेयक के विरोध में मत डाले। लोकसभा में 12 घंटे से अधिक समय देर रात तक विधेयक पर चर्चा हुई। वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। आज यह विधेयक राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

इससे पहले लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यह धारणा गलत है कि गैर–मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे।

चर्चा में विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत और संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद यह विधेयक लाया गया है। वक्फ में कोई भी गैर–मुस्लिम नहीं आएगा।

वहीं, कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर इस विधेयक पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

********************

नीति आयोग द्वारा जारी वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट–2025 में झारखंड को चौथा स्थान मिला है, जबकि पहले स्थान पर ओड़िशा है। आयोग ने अठारह राज्यों की वित्तीय स्थिति का यह आकलन अर्थव्यवस्था, सकल घरेलू उत्पाद में योगदान, जनसंख्या, सार्वजनिक व्यय और वित्तीय स्थिरता के आधार पर किया है। आयोग ने कहा कि राज्यों का वित्तीय प्रदर्शन पूरे देश की अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार से भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह जन भावना से जुड़ा मामला था और लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया था।

********************

कांग्रेस राज्य में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कनेक्ट सेंटर खोलेगी। इस सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 अप्रैल को पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों के साथ ऑनलाइन संवाद करेंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि कनेक्ट सेंटर से पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा जाएगा।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा बाल संप्रेषण गृह से बच्चों के फरार होने के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि संप्रेषण गृह की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फरार बच्चों को जल्द वापस लाकर उनके लिए उचित काउंसलिंग की भी मांग की है।

*******************

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की आज से शुरुआत हो रही है। शिक्षा विभाग के निर्देश पर सभी विद्यालय प्रातः कालीन शिफ्ट में संचालित होगी । यह समय सारणी 30 जून तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान कक्षाएं सवेरे 7 से अपराह्न 1 बजे तक चलेगी।

*******************

राज्य के जेलों से आपराधिक गिरोहों को संचालित करने वाले अपराधियों को दूसरे राज्यों के जेल में शिफ्ट किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है।इसी कड़ी में एक ही जेल में ज्यादा दिनों तक कैदियों को नहीं रखा जाता है।

*******************

धनबाद से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए नई स्पेशल ट्रेन का परिचालन आठ अप्रैल से शुरू होगा।

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले तीन दिनों तक तेज हवा के साथ मेघ गर्जन, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है । रांची मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल सकता है।

*******************

जमशेदपुर ने एचपी बोधनवाला अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में जमशेदपुर ने बोकारो को सात विकेट से पराजित किया। इस मैच में बोकारो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए, जबकि जमशेदपुर ने तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने वक्फ संशोधन बिल पारित किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बकाए को लेकर एचईसी के सीएमडी कार्यालय और चैंबर को किया अटैच।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– प्रदेश में पुलिस बहाली में महिलाओं को मिलेगा तैंतीस प्रतिशत आरक्षण।

दैनिक भास्कर ने जमशेदपुर में एलआईसी के लॉकर से 50 लाख रुपए की चोरी होने की खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

दैनिक जागरण ने 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में झारखंड़ की 8 हॉकी खिलाड़ियों को शामिल करने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने रांची में निजी स्कूलों की फीस बढोत्तरी के खिलाफ अभिभावकों के प्रदर्शन की खबर को प्रमुखता से लिया है।

***************